सीफेट, लुधियाना में राजभाषा हिंदी पखवाड़ा का सफल समापन

भा.कृ.अनु.प.-सीफेट, लुधियाना में 14 से 29 सितम्बर 2023 तक राजभाषा हिन्दी पखवाङा मनाया गया। पखवाङा के दौरान 10 अलग-अलग प्रतियोगिताएं जैसे हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, प्रार्थना पत्र, कंप्यूटर पर हिंदी में टाइपिंग, हिंदी निबंध, हिंदी काव्य पाठ, विज्ञान संबंधी शोध पत्र, पोस्टर, हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता विभिन्न संयोजकों एवं सह-संयोजकों के सहयोग से करवाई गई, जिनमे 7 प्रतियोगिताएं भाकृअनुप-सीफेट लुधियाना एवं अबोहर परिसर के लिए संयुक्त रूप से आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दिनांक 29 सितम्बर 2023 को पखवाङा के समापन के दौरान डा. नचिकेत कोतवालीवाले, निदेशक, सीफेट, लुधियाना एवं आमंत्रित मुख्य अतिथि ई. दलजीत सिंह, अपर अधीक्षण अभियंता, PSPCL द्वारा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त संस्थान में हिन्दी में किये गये कार्यों का मूल्यांकन कर संस्थान के कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया गया एवं अधिक से अधिक हिन्दी में कार्य करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया गया। निदेशक ने व्यक्त किया की हिन्दी पखवाड़े को त्यौहार के रूप में मनाने से हिन्दी सशक्त एवं सामर्थ्यवान होगी। राजभाषा हिंदी पखवाड़ा की अध्यक्षा डॉ. दीपिका गोस्वामी ने हिंदी पखवाड़ा का सफल आयोजन किया एवं डॉ. विकास कुमार, प्रभारी, राजभाषा प्रकोष्ठ एवं सदस्य सचिव, राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने समापन समारोह का